उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7

UJALASPEEDNEWS

24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, शुक्रवार, 18 सितंबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

अमोनिया प्लांट में मॉक ड्रिल से परखी गई सुरक्षा और राहत-बचाव की तैयारियां।



संवाददाता हर्ष राठी अलीगढ़ के कासिमपुर पावर हाउस स्थित 660 मेगावाट अमोनिया प्लांट में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा, राहत और बचाव की तैयारियों को परखा गया। इस दौरान प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन सेवा, सिविल डिफेंस और पावर हाउस के अधिकारियों ने मौजूद रहकर मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया।कासिमपुर पावर हाउस के 660 मेगावाट अमोनिया प्लांट में आयोजित मॉक ड्रिल के दौरान किसी संभावित आपातकालीन स्थिति से निपटने की तैयारियों का अभ्यास किया गया। मॉक ड्रिल के जरिए संबंधित विभागों के बीच आपसी समन्वय, त्वरित प्रतिक्रिया और सुरक्षा व्यवस्थाओं को परखा गया।मॉक ड्रिल में अभियंता नवीन निश्चल, अधिशासी अभियंता, अभियंता पुष्पेंद्र कुमार, अधीक्षण अभियंता (मुख्यालय), अभियंता हरजीत सिंह, अधिशासी अभियंता, अभियंता पंकज त्यागी, अधिशासी अभियंता, अभियंता विकास आनंद, अधिशासी अभियंता तथा अभियंता मनोज आर्य, सहायक अभियंता मौजूद रहे।इसके अलावा अतुल कुमार गुप्ता, नगर मजिस्ट्रेट, श्वेता जिंदल, नायब तहसीलदार, डॉ. संदीप कुमार यादव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रोजेक्ट अस्पताल, डॉ. एम.ए. मलिक, चिकित्सा अधिकारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जवां, मुकेश कुमार, मुख्य अग्निशमन अधिकारी, अलीगढ़ तथा सी.पी. सिंह, सिविल डिफेंस, अलीगढ़ भी मॉक ड्रिल में शामिल रहे।

एक नज़र में

सामाजिक न्याय एवं समग्र हिस्सेदारी के लिए पेरियार ने किया संघर्ष।
जवा CHC में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर।
पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

Uncategorized

सामाजिक न्याय एवं समग्र हिस्सेदारी के लिए पेरियार ने किया संघर्ष।



संवाददाता खुशांत गुप्ता अखिल भारतीय समता फाउंडेशन द्वारा समाज सुधारक, महान विद्वान,भारत के सुकरात, बहुजनों के क्रांतिकारी संत ई रामास्वामी पेरियार जी के 147 वें जन्मदिवस पर कैम्प कार्यालय कृष्णा नगर बिजलीघर पर राज गब्बर नेताजी के नेतृत्व में पुष्पांजलि अर्पित की ।इस मौके पर रमेश सैनी अध्यक्ष बाबा साहब अंबेडकर वाहिनी समाजवादी पार्टी मथुरा ने बताया कि पेरियार सहाब ने जीवन पर्यंत कुरीतियों, आडंबर, अंधविश्वास, नशा,जातिवाद आदि को भारतीय समाज में गैर बराबरी का कारण बताकर उसके खिलाफ जनजागरण चलाकर हमेशा विरोध किया उनके द्वारा किया गया संघर्ष मानवीय मूल्यों के लिए आज भी प्रासंगिक है ।इस मौके पर समता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने बहुजन समाज सुधाकर पेरियार के द्वारा मानव हित में चलाए गए आंदोलन...

देश

जवा CHC में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर।



संवाददाता हर्ष राठी जवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष लतेश लोधी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष रविकांत माहेश्वरी, प्रदेश सह-संयोजक नीतू चौधरी, हरिशंकर, अजय, ध्रुव, गोदा मंडल अध्यक्ष यतेंद्र लोधी, टिंकू, जिला कार्यकारिणी सदस्य विजय चौधरी, बब्लू राजपूत और विनोद प्रधान सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। रक्तदान करने वाले कार्यकर्ताओं ने इसे जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए महत्वपूर्ण पहल बताया। शिविर के दौरान लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक भी किया गया।